अव्यवस्था | क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इन दिनों अव्यवस्था का शिकार

मैडम के जाते ही कार्यालय में लटक जाते हैं ताले

नवभारत, जबलपुर। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) इन दिनों अव्यवस्था का शिकार होता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार आरटीओ अधिकारी श्रीमती रिंकू शर्मा के कार्यालय से निकलते ही उनके चैंबर सहित कई कमरों पर ताले लटक जाते हैं। इतना ही नहीं, अधिकांश कर्मचारी भी अपनी सीटों से नदारद पाए जाते हैं, जिससे कार्यालय में सन्नाटा छा जाता है और कामकाज प्रभावित होता है।

आवेदकों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग लाइसेंस और वाहन संबंधी कार्यों के लिए पहुंचते हैं। लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई आवेदकों ने बताया कि उन्हें अपने काम के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। विशेष रूप से नए आवेदकों को फोटो और अन्य प्रक्रियाओं के लिए भी लंबा इंतजार झेलना पड़ रहा है।

अधिकारियों की अनुपस्थिति से बढ़ रही लापरवाही

उल्लेखनीय है कि किसी भी कार्यालय संचालन में अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, जो पूरे तंत्र को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी निभाते हैं। लेकिन जब अधिकारी ही अनुपस्थित रहते हैं, तो कर्मचारियों में अनुशासनहीनता बढ़ जाती है। यही कारण है कि अधिकारी के जाते ही कर्मचारी भी काम छोड़कर इधर-उधर हो जाते हैं या कार्यालय से बाहर चले जाते हैं।

कामकाज पर पड़ रहा सीधा असर

संभाग के इस बड़े परिवहन कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। समय पर कार्य न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

इनका कहना है

कमिश्नर सर के यहां काम से आई थी, हो सकता है मेरे जाते ही मेरे चैंबर में ताला लगा दिया होगा। लंच का समय है बाकी कर्मचारी भी शायद लंच पर गए होंगे। कामकाज भी कार्यालय में समय पर सुचारु रूप से जारी है।

श्रीमती रिंकू शर्मा
आरटीओ

मंत्रीमंडल की औपचारिक अनुमति शेष

सरकार ने हाईकोर्ट में दिया जवाब, एडवोकेट चेम्बर और मल्टी लेवल पार्किंग का मामला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के गेट नंबर-4 के सामने एडवोकेट चेंबर और मल्टी लेवल पार्किंग प्रोजेक्ट के मामले में सुनवाई दौरान शासन की ओर से बताया गया कि उक्त प्रोजेक्ट के लिए वित्त विभाग सहित अन्य सभी प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है, अब केवल मंत्रीमंडल की औपचारिक अनुमति शेष है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अगली सुनवाई 15 मई के पहले अंतिम निर्णय लेकर जवाब पेश करने के निर्देश दिए।

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन भवन का शिलान्यास 4 मई 2025 को हुआ था। हाईकोर्ट के गेट नंबर-चार के सामने करीब 117 करोड़ रुपये से आधुनिक लायर्स चेम्बर और बहुस्तरीय पार्किंग बनना है। इसका भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एसी शर्मा, जस्टिस सूर्यकांत शर्मा और तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की मौजूदगी में हुआ था। इसे लेकर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने लगातार राज्य सरकार से पत्राचार किया।

पेंशन से रिकवरी पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने गलत वेतन निर्धारण के आधार पर निकाली गई पेंशन से रिकवरी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। एकलपीठ ने मामले में आयुक्त लोक शिक्षण, पेंशन कार्यालय भोपाल और डीईओं बालाघाट को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। दरअसल यह मामला याचिकाकर्ता बालाघाट निवासी विमला चौधरी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा, प्रतीक दुबे व शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति की मृत्यु के बाद 2014 में पीपीओ जारी किया गया। इसमें सही निर्धारण नहीं किया गया था। इसके बाद 2019 में नया पीपीओ जारी किया गया, लेकिन पुराने पीपीओ के आधार पर ही पेंशन जारी रखी गई। बाद में विभाग ने 2019 से 2026 तक की रिकवरी निकाल दी और बैंक खाता भी फ्रीज कर दिया। कोर्ट ने उक्त आदेश के साथ याचिकाकर्ता को बैंक खाता आपरेट करने की अनुमति भी प्रदान कर दी।

प्रधानमंत्री व उप राष्ट्रपति का काफिला रोकने वाट्सएप पोस्ट मामला

- पुलिस द्वारा पेश दस्तावेज रिकार्ड में नहीं आने पर सुनवाई बढ़ी

जबलपुर। हाईकोर्ट के जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने प्रधानमंत्री व उप राष्ट्रपति का काफिला रोकने वाट्सएप पोस्ट के आरोप पर पुलिस द्वारा 24 घंटे तक लाकअप में बंधक बनाकर रखे जाने को चुनौती संबंधी मामले की सुनवाई एक जुलाई के लिए बढ़ा दी है। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता ने नगर प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री व उपराष्ट्रपति के काफिले को बाधित करने का वाट्सअप पोस्ट की थी। याचिकाकर्ता की ओर से मैसेज करने से इंकार कर दिया गया था। इस संबंध में तत्कालीन थाना प्रभारी के द्वारा दस्तावेज हाईकोर्ट में पेश किए गए। पेश किए गए दस्तावेज रिकार्ड में नही आने के सुनवाई बढ़ा दी गई। दरअसल नर्मदा रोड गौरीघाट निवासी अजीत सिंह आनंद की ओर से दायर की गयी याचिका में कहा गया है कि गोरखपुर पुलिस ने 20 जून 2022 की सुबह लगभग आठ बजे घर से अभिरक्षा में लिया था। इसके बाद पुलिस कर्मी उसे गोरखपुर थाने ले गए और 21 जून 2022 की सुबह 9.30 बजे तक लाकअप में बंद रखा था। उसे थाने में लाने की एंट्री रोजनामचे में दर्ज नहीं की गई थी परंतु छोडने के संबंध में की गई थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस विभाग की ओर से पेश किए गए जवाब में कहा गया कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध 25 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

महिला को सांप ने डसा

जबलपुर। उखरी निवासी एक महिला को सांप ने काट लिया। गनीमत रही कि सांप जहरीला नहीं था। जानकारी के अनुसार उखरी निवासी राघवेन्द्र कश्यप के कच्चे खपरैल मकान में उनकी पत्नी सांयकाल साढ़े छः बजे मिट्टी की आलमारी साफ कर रहीं थीं कि उनकी दाहिने हाथ की पहली उंगली में कुछ चुभन महसूस हुई तो उन्होंने देखा कि उंगली से खून निकल रहा है और आलमारी की सुराख में एक पतला बादामी रंग का पीली गोल धारी वाला सांप बैठा है।इसकी सूचना तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को दी जिन्होंने मौके पर पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

नाबालिग लड़की को भगाने वाला जीजा गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाले जीजा को जीआरपी पुलिस ने किया गिरफ्तार है। पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी व पुलिस उप अधीक्षक अंकिता सुल्या जबलपुर के मार्गदर्शन मे स्पेशल टीम गठित कर रेलवे स्टेशन जबलपुर के सीसीटीव्ही फुटेज एवं मोबाइल की लोकेशन के आधार पर तलाश करते हुये खानपुर जिला समस्तीपुर बिहार से बालिका को थाना लाकर पुलिस की पूछताछ में बताया कि रिश्ते के जीजा मोहम्मद असफी पिता मोहम्मद कैसर आलम उम्र. 22 वर्ष निवासी सुरोल पोस्ट थाना खानपुर जिला समस्तीपुर (बिहार) के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाना एवं दुष्कर्म करना बताया गया। यह घटना 15 अप्रैल की बताई जा रही है। जहाँ मो. सलाउद्दीन उर्फ नन्हे पिता मोजीकू रहमान उम्र 37 निवासी 142 मैसोढा सिकरहना थाना कुंण्डवा चैनपुर जिला पूर्वी चंपारन (बिहार) ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि ट्रेन 22554 लोकमान्य तिलक रक्सौल एक्सप्रेस के जनरल कोच मे लोकमान्य तिलक से बरगिनिया की यात्रा कर रहे थे इस दौरान उनकी नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष को उसके रिश्ते का जीजा रेलवे स्टेशन जबलपुर से उतारकर बहला फुसलाकर ले गया था जिसे जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्यवाही मे जीआरपी थाना जबलपुर से संजीवनी राजपूत, बीसी उद्दे, नंदकिशोर, आरक्षक रहीश मंसूरी महिला आरक्षक गुरजीत कौर, मनिषा आस्था का उल्लेखनीय योगदान रहा।

परिवर्तित मार्ग से चलेगी रीवा-इतवारी एक्सप्रेस

जबलपुर, नवभारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया रेलवे स्टेशन पर संरक्षा, परिचालन क्षमता तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अधोसंरचना कार्य किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा गोंदिया स्टेशन के लाइन क्रमांक-06 (प्लेटफॉर्म क्रमांक-4) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को हटाकर उसे आधुनिक बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित किया जाएगा। यह कार्य 03 से 22 मई तक कुल 20 दिनों में संपन्न किया जाएगा। जिसके चलते गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस दिनांक 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16 एवं 18 मई को अपने निर्धारित मार्ग जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट-गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के स्थान पर जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा- नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी होते हुए चलेगी। वही गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस दिनांक 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17 एवं 19 मई को अपने निर्धारित मार्ग नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया-बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर के स्थान पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-छिंदवाड़ा-नैनपुर-जबलपुर होते हुए चलेगी।

फाइनेंस कंपनी के दो मैनेजरों ने किया गबन 200 से ज्यादा ग्राहकों के लाखों रुपये हड़पे

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत नक्षत्र नगर स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी में दो संगम मैनेजरों ने सैकड़ों महिला ग्राहकों को चूना लगाते हुए करीब 4.68 लाख रुपये की राशि का गबन कर दिया। शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नक्षत्र नगर स्थित भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड' (शाखा आधारताल-बी) की शाखा महिलाओं को 35,000 रुपये से लेकर 1,25,000 रुपये तक का सामूहिक लोन प्रदान करती है। लोन की किस्तों की वसूली के लिए कंपनी ने संगम मैनेजर नियुक्त किए हैं, जो गांव-गांव जाकर समूहों से पैसा कलेक्ट करते हैं और कंपनी द्वारा दिए गए टैब में ऑनलाइन एंट्री करते हैं।

ऐसे किया गबन

संगम मैनेजर अरविंद धनगर निवासी ग्राम मुड़ेरी, दमोह ने 195 ग्राहकों से 3 अक्टूबर 2023 से 5 जनवरी 2024 के बीच प्री-पेमेंट और आरडी के कुल 2,41,653 रुपये लिए, लेकिन कंपनी में जमा नहीं किए। पंकज कुमार दर्जी निवासी मंझौली ने 15 ग्राहकों से मार्च और अप्रैल 2024 के दौरान 2,27,140 रुपये वसूले और उन्हें व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल कर फरार हो गया।

स्टेटमेंट-दस्तावेजों के मिलान में खुलासा

ब्रांच मैनेजर संदीप पटेल ने जब बैंक स्टेटमेंट और दस्तावेजों का मिलान किया, तो गबन का खुलासा हुआ। जाँच में पाया गया कि दोनों कर्मचारियों ने फर्जीवाड़ा कर ग्राहकों के पैसे हड़प लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों के मामला दर्ज किया है।

सड़कों पर उतरे अधिकारियों ने देखी सफाई व्यवस्था

जबलपुर। शहर की स्वच्छता रैंकिंग को और अधिक सुदृढ़ करने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार सुबह 6 बजे से ही सफाई अभियान को गति दी गई। स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने के लिए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ नगर निगम के अन्य अधिकारियों ने भी मोर्चा संभाला। सुबह 6 बजे से ही अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, वी.एन. बाजपेई, अशफाक परवेज कुरैशी, और श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन, सहायक आयुक्त वेद प्रकाश, रचयिता अवस्थी,स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र कौरव, जागेंद्र सिंह,सहित पूरा प्रशासनिक अमला और समस्त संभागीय अधिकारीगण सड़कों पर मुस्तैद रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने न केवल सफाई कार्यों का निरीक्षण किया, बल्कि अपनी उपस्थिति में मुख्य मार्गों से लेकर गलियों तक की सघन सफाई सुनिश्चित कराई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सिटी प्रोफाइल के कार्यों को प्राथमिकता दी। अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची व अंकिता जैन, सहायक आयुक्त वेद प्रकाश और स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन ने अपने-अपने क्षेत्रों में नोडल और संभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं को परखा। कचरा संग्रहण और सड़कों की झाड़ू-सफाई का ऑन-स्पॉट निरीक्षण। सौंदर्यकरण सिटी प्रोफाइल को व्यवस्थित करने और डिवाइडरों व सार्वजनिक स्थानों के रखरखाव हेतु निर्देश दिए। मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और संसाधनों का भरपूर उपयोग करने के निर्देश दिए।

यूट्यूब वीडियो लाइक करने के नाम पर महिला से 3 .88 लाख की ठगी

जबलपुर। रांझी थाना थाना अंतर्गत संजय नगर निवासी एक महिला को घर बैठे मोटी कमाई और कमीशन का लालच देकर ठगों ने 3 लाख 88 हजार रूपये की चपत लगा दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक संजय नगर, रावण पार्क के पास रहने वाली 38 वर्षीय किरण कुमारी को एक अनजान व्यक्ति ने व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया। यहाँ प्रियंका वर्मा और अदिति झा नाम की युवतियों ने किरण को विश्वास में लिया कि प्रोस्पेक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए यूट्यूब वीडियो लाइक और सब्सक्राइब करने पर उन्हें भारी कमीशन मिलेगा। साइबर अपराधियों ने महिला का भरोसा जीतने के लिए एक पुराना पैंतरा अपनाया। किरण को पहले 2,000 रुपये का एक छोटा टास्क दिया गया, जिसके पूरा होने पर उन्हें 2,800 रुपये वापस किए गए। 800 रुपये का मुनाफा देखते ही महिला ठगों के जाल में पूरी तरह उलझ गई। मुनाफे के लालच में जैसे ही किरण ने आगे काम करने की इच्छा जताई, उन्हें टेलीग्राम पर दिव्या शर्मा के पास भेज दिया गया। यहाँ टास्क के नाम पर उनसे अलग-अलग यूपीआई आईडी पर किस्तों में पैसे जमा कराए गए। देखते ही देखते महिला ने कुल 3,88,500 रुपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब पैसे वापस मांगने की बारी आई, तो ठगों ने और अधिक रुपयों की मांग शुरू कर दी, जिसके बाद किरण को ठगे जाने का अहसास हुआ। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उन यूपीआई आईडी और बैंक खातों की डिटेल खंगाल रही है, जिनमें रकम ट्रांसफर की गई है। साथ ही उन मोबाइल नंबरों और टेलीग्राम लिंक्स को भी ट्रैक किया जा रहा है जिनका इस्तेमाल इस वारदात में हुआ।

रफ्तार का कहर : सड़क हादसों में पांच की मौत

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की सड़कों पर बेलगाम रफ्तार ने कहर बरपाया। चार अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। ये सड़क हादसे पाटन, गोसलपुर, सिहोरा, भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में हुए। पुलिस ने चारों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिया है। सिहोरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोसलपुर शर्मा कॉलोनी निवासी जितेंद्र तुतवाय (32) ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई अमन कोरी (25) के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी भाभी को लेने कटनी के लिए लिनका था। जब दोनों भाई सिहोरा के पंचवटी ढाबा के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 22 सीए 0355 के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अमन कोरी सड़क पर जा गिरा और उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। अमन कोरी की मौत हो गई। इसी प्रकार पाटन थाने में पाटन थाना अंतर्गत बनवारा तिवारा में अज्ञात वाहन चालक ने बाइक सवार राजेश उर्फ राजा बर्मन 38 वर्ष निवासी सिविल लाईन पाटन को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वे गिर गया। जिससे उसे चोटें आ गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार भेड़ाघाट थाने में बृजेश यादव 35 वर्ष निरवासी दलसा पिपरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार सुबह वह एवं उसका चचेरा भाई विनोद यादव 35 वर्ष अपनी- अपनी मोटर सायकिल से काम पर जबलपुर जा रहे थे। सुबह 10-15 बजे जैसे ही त्रिपुर सुंदरी मंदिर गेट के आगे पहुंचे तभी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एन क 7666 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये चचेरे भाई विनोद यादव की मोटर सायकिल मे टक्कर मार दी जिसेस विनोद गिर पडा एवं सिर हाथ, पैर मे चोटे आ गयी जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जहॉ डाक्टर ने चैक कर विनोद यादव को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार गोसलपुर थाने में कमलेश कुमार कोल 46 वर्ष निवासी नांदघाट सिहोरा ने सूचना दी किउसके भांजे रंजीत कोल एवं भांजी सोम बाई कोल का बघेल पैट्रोलपंप के पास एक्सीडेट हो गया। जिन्हें शासकीय अस्पताल सिहोरा ले गया है। जहॉ उसके भांजे रंजीत कोल 38 वर्ष निवासी नांदघट एवं भांजी श्रीमति सोम बाई कोल 30 वर्ष निवासी नंगला उचेहरा जिला सतना की मौत हो गई।

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES
Affiliated to CBSE
Bus Facility
Air Cooled Hostel
Atal Tinkering Lab
Separate Hostel for Girls & Boys
Safe Campus
Large Playground
Healthy Environment
Greenery in Abundance
State of Art Classrooms
Digital Classrooms
CCTV Surveillance
For more Information
9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
प्रवेश प्रारम्भ
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन
स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राईंग, योग कक्षा, जूडों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004
Mob: 9301646302, 9407059444

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ ICSE से MP BOARD में एडमिशन पर, उठायें सरकारी योजना का लाभ।
बोर्ड एग्जाम का % बढ़ाएं, समय बचाएं, NEET/ IIIT में एडमिशन गाइडेंस।
हमारे 36 बच्चों ने पाया लेपटॉप योजना का फायदा
Nursery, LKG, UKG, Admission Free*
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
Office- 8 To 4
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा।
अधारताल तिराहा- 9303580611 • अमखेरा रोड, गोहलपुर- 9111009016

LEONARD H.S.SCHOOL
(Recognised by Govt of M.P.)
Classes : Nursery to 12th
Come and join us
ADMISSION OPEN
Informatics Practices/Maths Science/Commerce/Arts Groups
The School is located in a Peaceful and eco friendly atmosphere.
Emphasis is given on Spoken English in all the classes.
Sports and Cultural activities are held on a regular basis.
Excellent Board Results Year after Year.
53, Denning Road, Behind Civil Line Police Station Jabalpur (MP)
Phone : 0761-4030678, 9425387092, 7999910499

नवरात्रि एवं ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
JYOTI INNER ZONE
10% से 15% तक की भारी छूट
LUX cozi INNER WEAR | AMUL MACHO | JOCKEY | RUPA | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura, Near Super Market, Jabalpur (MP) 0761- 4038008

ADMISSION OPEN ENGLISH MEDIUM CBSE PATTERN
BULBUL KIDS KINGDOM
HIGH SCHOOL | UNIFORM FREE | NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
New Ram Nagar, Sanskar Parisar Ke Aage Amkhera Road, Adhartal, Jabalpur
Mo. 9301408550, 9301408551
Web:bulbilkidskingdom.com